प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 28.03.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताएं हैं।

2– मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के उच्च अधिकारियों की बैठक ली–रसोई गैस और पेट्रोलियम उत्पादों के स्टॉक की सतत् निगरानी करने के दिए निर्देश।

3– छत्तीसगढ़ में चल रहे प्रथम खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के चौथे दिन आज वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ की निकिता ने स्वर्ण पदक जीता।

4– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

..................................................................

प्रधानमंत्री–मुख्यमंत्री–बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और नागरिकों के हितों की रक्षा सरकार की प्राथमिकताएं हैं।

श्री मोदी ने यह बात कल शाम कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ एक उच्च–स्तरीय वर्चुअल बैठक में कही। बैठक का उद्देश्य संघर्ष के समय देश की तैयारियों की समीक्षा करना था।

श्री मोदी ने राज्यों से अपील की कि वे आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करें और जमाखोरी तथा मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त कदम उठाएं।

प्रधानमंत्री ने राज्यों से सौर ऊर्जा, जैव ईंधन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की गति तेज़ करने का आग्रह किया और पाइप वाली प्राकृतिक गैस के बुनियादी ढांचे का विस्तार करने को भी कहा।

........................................................................

मुख्यमंत्री–बैठक–01

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की परिस्थितियों के मद्देनजर आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के उच्च अधिकारियों, कमिश्नरों, आईजी, कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली। इस दौरान श्री साय ने पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता तथा आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को रसोई गैस व पेट्रोलियम उत्पादों के स्टॉक और सप्लाई की सतत् निगरानी करने तथा जमाखोरी और मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक तक समय पर सेवाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने आम जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। राज्य में आपूर्ति व्यवस्था सुचारू और सामान्य है। इसमें किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अस्पतालों, छात्रावासों, शैक्षणिक संस्थानों, केन्द्र सरकार की संस्थाओं, सैन्य और अर्द्धसैनिक बलों, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्थानों और एयरपोर्ट कैंटिनों में गैस आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के निर्देश दिए।

.......................................................................

<u>मुख्यमंत्री–बैठक–02</u>

———

बैठक में एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश में आवश्यक वस्तुओं, पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। आपूर्ति पूरी तरह सुचारू और सामान्य है। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग सामान्य रूप से संचालित है। उज्जवला गैस कनेक्शन के लिए पैंतालीस दिन तथा सामान्य गैस कनेक्शन के लिए पच्चीस दिन की समय–सीमा निर्धारित है। उसी के अनुरूप बुकिंग की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं है और पूरे प्रदेश में स्थिति सामान्य है।

वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि उर्वरकों की होल्डिंग पर रोक लगाई जाए और दैनिक स्टॉक की नियमित समीक्षा की जाए। श्री साय ने कहा कि सभी किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेशभर में तीन सौ पैंतीस स्थानों पर छापेमारी गई है, जिसमें कालाबाजारी की कोई पुष्टि नहीं हुई, हालांकि जमाखोरी की सूचना पर की गई कार्रवाई के दौरान करीब चार हजार गैस सिलेंडरों को जब्त किया गया तथा संतानवे एफआईआर दर्ज की गई है।

मुख्य सचिव विकासशील ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों की सतत निगरानी के लिए राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उपभोक्ता घरेलू गैस से संबंधित आपूर्ति से संबंधित समस्याओं, शिकायतों और कालाबाजारी की सूचना एक–आठ–शून्य–शून्य–दो–तीन–तीन–तीन–छह–छह–तीन पर दे सकते हैं।

.......................................................................

<u>लोकसभा–माओवाद मुक्त–चर्चा</u>

———

देश को माओवाद से मुक्त करने के लक्ष्य की दिशा में केंद्र सरकार के प्रयासों पर सोमवार तीस मार्च को लोकसभा में चर्चा होगी। संसद के निचले सदन की कार्यसूची के अनुसार इस विषय पर अल्पकालिक चर्चा नियम एक सौ तिरानवे के तहत शुरू की जाएगी, जिसकी शुरूआत शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे करेंगे। इस दौरान सरकार की रणनीति, सुरक्षा अभियानों और पुनर्वास नीतियों पर सदन में विस्तार से चर्चा होने की संभावना है।

.....................................................................

खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स

छत्तीसगढ़ में चल रहे प्रथम खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के चौथे दिन आज तैराकी, वेटलिफ्टिंग, फुटबॉल और कुश्ती के मुकाबले हो रहे हैं। आज रायपुर में हुई वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ की निकिता ने सतहत्तर किलोग्राम में स्वर्ण पदक हासिल किया है। वहीं, तैराकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की अनुष्का भगत ने पचास मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक महिला वर्ग में रजत पदक जीता है। यह अनुष्का भगत का चौथा रजत पदक है। इसी के साथ छत्तीसगढ़ ने अब तक एक स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य सहित कुल आठ पदक जीते हैं। वहीं, फुटबॉल प्रतियोगिता के लीग मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने तमिलनाडु को शून्य के मुकाबले तीन गोल से हरा दिया है।

भारोत्तोलन प्रतियोगिता के तहत पुरूष वर्ग के अठासी किलोग्राम वर्ग में अरूणाचल प्रदेश के रूबा ताडु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो सौ चौहत्तर किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इसी तरह, भारोत्तोलन प्रतियोगिता के सीनियर पुरूष चौरानवे किलोग्राम वर्ग में अरूणाचल प्रदेश के खिलाड़ी लालू ताकू ने दो सौ पचास किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

वहीं, भारोत्तोलन प्रतियोगिता के महिला वर्ग में अरूणाचल प्रदेश की वेटलिफ्टर अनाई वांगसु ने अंठावन किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।

खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के तहत आज तैराकी प्रतियोगिता संपन्न हो गई। इस प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में कर्नाटक ने एक सौ तेईस अंकों के साथ चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, असम उनहत्तर अंकों के साथ रनरअप और ओड़िशा इकतीस अंकों के साथ सेकेंड रनरअप रहा।

इसी तरह, तैराकी प्रतियोगिता की महिला वर्ग में ओडिशा एक सौ दो अंकों के साथ चैंपियन बना। जबकि कर्नाटक पचास अंकों के साथ रनरअप और छत्तीसगढ़ अड़तीस अंकों के साथ सेकेंड रनरअप रहा।

....................................................................

प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बत्तीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

....................................................................

माओवादी–आत्मसमर्पण

कांकेर जिले में आज तीन माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक के सामने आत्मसमर्पण किया है। इनमें एसीएम राधिका कुंजाम, संदीप कड़ियाम और रैनू पद्दा शामिल हैं। इन माओवादियों ने तीन हथियार भी सौंपे हैं। इनमें दो एसएलआर और एक नग तीन सौ तीन रायफल शामिल हैं।

....................................................................

रेलवे–यात्री सुविधा

रायपुर रेलमंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग–दल्लीराजहरा सेक्शन में दस करोड़ अठहत्तर लाख रूपए की लागत से आठ स्टेशनों के प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाई जा रही है। इसमें स्टेशन मरौदा, पउवारा, रिसामा, गुंडरदेही, सिकोसा, लाटाबोर, भैंसबोर और सलाईटोला शामिल हैं। साथ ही यात्री ट्रेनों की परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए बालोद, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर और गुदुम स्टेशनों पर दूसरा प्लेटफार्म बनाने की योजना भी स्वीकृत हो चुकी है।

.....................................................................

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''महासमुंद'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

.....................................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल...

प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने, हल्की से मध्यम वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका पश्चिम बंगाल से तमिलनाडु होते हुए दक्षिण छत्तीसगढ़ तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से बदली–बारिश की स्थिति बन रही है। वर्षा का मुख्य क्षेत्र सरगुजा और बस्तर संभाग तथा उससे लगे जिले में रहेगा।

इस बीच, सरगुजा जिले के ग्राम चलगली बकनाकला में कल आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत हो गई है। यह बच्ची अपनी सहेलियों के साथ मवेशी चराने के लिए गांव के पास लगे जंगल की तरफ गई हुई थी।

..........................................................................

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने स्वदेशी मेला में लगे प्रदर्शनी और विक्रय स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

– उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा प्रयोगशाला परिचारक के पदों पर सीधी भर्ती के लिए चयनित चार सौ तीस अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया एक और दो अप्रैल को नवा रायपुर में आयोजित की जाएगी।

– जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम दुरपा में आज दो मोटर साइकिलों के बीच हुई आमने–सामने की भिड़ंत में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मोटर सायकलों में सवार दो बच्चों को मामूली चोटें आई हैं।

– जांजगीर–चांपा जिले में शिवरीनारायण नगर पंचायत द्वारा नाविकों की नाव और मोटरबोट को सील करने के विरोध में नाविकों का धरना–प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>